उत्तर प्रदेश शासन
नागरिक उड्डयन अनुभाग
संख्या: 124/2018/2149 /छप्पन-2018-49/2010
लखनऊ, दिनांक: 06 दिसम्बर, 2018

कार्यालय-ज्ञाप

नागरिक उड्डयन विभाग, उत्तर प्रदेश के अधीन एयरोनाटिकल ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट, उ0प्र0, लखनऊ में कार्यालय-ज्ञाप संख्या-1537/छप्पन-2010-26/2008 टी0सी0, दिनांक 03 दिसम्बर, 2010 द्वारा डॉ0 जी0एम0 रहनुमा को प्रमुख प्रवक्ता के पद पर नियत मासिक पारिश्रमिक रू0 64,000/- (रूपए चौसठ हजार मात्र) पर कार्यभार ग्रहण करने की तिथि से 01 वर्ष की अवधि के लिए संविदा पर नियुक्त किया गया था। इस परिप्रेक्ष्य में डॉ0 जी0एम0 रहनुमा द्वारा दिनांक 10 दिसम्बर, 2010 के पूर्वाह्न में अपना कार्यभार ग्रहण किया था, जिसकी अवधि दिनांक 09 दिसम्बर, 2011 को समाप्त हो गयी थी। तदुपरान्त वर्षानुवर्ष इनकी संविदा अवधि बढ़ायी गई है। डॉ रहनुमा, प्रमुख प्रवक्ता की सेवाओं की आवश्यकता को दृष्टिगत रखते हुए अंतिम बार शासन के कार्यालय ज्ञाप संख्या-95/ 2017-/1801- छप्पन-2017-49/2010 दिनांक 10 दिसम्बर, 2017 द्वारा 01 वर्ष (अर्थात 9 दिसम्बर, 2018) तक के लिए संविदा सेवा में वृद्धि के साथ शासनादेश संख्या-1422/छप्पन-2014-17/2014 दिनांक 09 सितम्बर, 2014 में निहित प्राविधनो के अनुसार अनुमन्य वार्षिक पारिश्रमिक वृद्धि ,की स्वीकृति प्रदान की गई थी। अतः निदेशक एयरोनाटिकल ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट, उ0प्र0, लखनऊ द्वारा डॉ0 जी0एम0 रहनुमा की संविदा अवधि दिनांक 10 दिसम्बर, 2018 से आगामी 01 वर्ष (अर्थात 09 दिसम्बर, 2019 तक) के लिए बढ़ाये जाने की संस्तुति की गयी है।

2- अतः निदेशक, एयरोनाटिकल ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट, उ0प्र0, लखनऊ के प्रस्ताव दिनांक 26 नवम्बर, 2018 पर सम्यक् विचारोपरान्त श्री राज्यपाल प्रमुख प्रवक्ता के पद पर कार्यरत डॉ0 जी0एम0 रहनुमा की संविदा अवधि दिनांक 10 दिसम्बर, 2018 से आगामी 01 वर्ष (अर्थात 09 दिसम्बर, 2019 तक) के लिए वर्तमान में अनुमन्य नियत मासिक पारिश्रमिक रु0 1,33,118/- (रुपए एक लाख तैंतीस हज़ार एक सौ अट्ठारह मात्र) एवं अनुमन्य पारिश्रमिक वृद्धि (यथा समय) पर बढ़ाए जाने की सहर्ष स्वीकृति प्रदान करते हैं।

3- डॉ0 जी0एम0 रहनुमा की संविदा सेवा के सम्बन्ध में अन्य नियम व शर्तें पूर्ववत जारी रहेंगी।

4- डॉ0 जी0 एम0 रहनुमा से संविदा पर नियुक्ति के सम्बन्ध में निर्धारित प्रपत्र पर पुनः अनुबन्ध-पत्र निष्पादित कराकर शासन को उपलब्ध कराया जाएगा।

सूर्य पाल गंगवार
विशेष सचिव।

डॉ0 जी0 एम0 रहनुमा, (संविदा)
प्रमुख प्रवक्ता,
एयरोनाटिकल ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट,
नागरिक उड्डयन निदेशालय,
उ0प्र0, लखनऊ एयरपोर्ट, लखनऊ।

2/...

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।

http://shasanadesh.up.nic.in

संख्या: 124/2018/2149(1)/छप्पन-2017-तद्दिनांक।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित:-

1- निदेशक, एयरोनाटिकल ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट, उ0प्र0 लखनऊ को इस अनुरोध के साथ प्रेषित कि डॉ0 जी0 एम0 रहनुमा से निर्धारित प्रपत्र पर पुनः अनुबन्ध पत्र निष्पादित कराकर शासन को उपलब्ध कराने का कष्ट करें।

2- महालेखाकार-प्रथम (लेखा एवं हकदारी), उ0प्र0, प्रयागराज।

3- मुख्य कोषाधिकारी, जवाहर भवन, लखनऊ।

4- वित्त नियंत्रक, नागरिक उड्डयन निदेशालय, उ0प्र0, लखनऊ एयरपोर्ट, लखनऊ।

5- वित्त (व्यय-नियंत्रण) अनुभाग-7

6- वित्त (आय-व्ययक) अनुभाग-1/2

7- कार्मिक अनुभाग-1

8- गार्ड फाईल।

आज्ञा से,
डा0 सत्य प्रकाश तिवारी
अनु सचिव।

http://shasanadesh.up.nic.in

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है।